प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल रात जोधपुर पंहुचे–आज जयपुर में दस हजार नवचयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे।
- देशभर में 31 मार्च से तीन साल चलने वाला नशारोधी अभियान शुरू किया जायेगा।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– **वेव्स प्लेटफॉर्म** को दुनियाभर से सराहना मिली। पांच हजार करोड़ रूपये का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मिला।
- प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव–झुंझुनूं नागौर और पिलानी में हल्की बारिश। खैरथल तिजारा में ओले गिरे।

......................

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह कल रात जोधपुर पंहुचे। श्री शाह आज जोधपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके बाद जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित कांस्टेबल नवनियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। श्री शाह राजस्थान पुलिस में नये चुने गये दस हजार कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल आरपीए पंहुचे। उन्होंने समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनश्चित करने के निर्देश दिए।

......................

देशभर में 31 मार्च से नशारोधी अभियान शुरू किया जाएगा। तीन साल तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य भारत को नशामुक्त बनाना है। गृहमंत्री श्री शाह ने कल नई दिल्ली में नार्को–समन्वय केंद्र की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में केंद्र सरकार के सभी विभागों को 2029 तक का खाका तैयार करना चाहिए और इसपर समयबद्ध तरीक़े से अमल के लिए समीक्षा–तंत्र भी स्थापित करना चाहिए। उन्होंने नशे की समस्या से निपटने के लिए 31 मार्च तक मसौदे तैयार करने के निर्देश दिए और पुलिस महानिदेशकों से अपील की कि वे जब्त नशीले पदार्थों को समय पर नष्ट करने के लिए ठोस कदम उठाएं। गृहमंत्री ने बताया कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच एक करोड़ 11 लाख किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत एक लाख इकहत्तर हजार करोड़ रुपये है।

......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि जनजाति संस्कृति समाज की अनमोल धरोहर है। सरकार इसके संरक्षण और उत्थान का काम प्राथमिकता से कर रही है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में जनजातीय विकास से जुडे हितधारकों के साथ प्रीबजट चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के साथ पर्यटन को भी बढावा दे रही है। बेणेश्वर और मानगढ धाम को ट्राईबल टूरिस्ट सर्किट के तहत विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र की राजीविका महिलाओं की ओर से बनाये जा रहे हर्बल गुलाल की सरकारी खरीद कर अजीविका को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराडी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही उदयपुर डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाडा, सलूम्बर और बारां सहित विभिन्न जिलों से आये सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत कर सुझाव दिए।

......................

जयपुर के मानसरोवर इलाके के खरवास में कल रात एक बेकाबू कार ने कई लोगों को रौंद दिया। जिसमें 1 व्यक्ति की मौत हो गयी, वहीं 12 से अधिक घायल हो गए। इनमें से पांच का एसएमएस, दो का जयपुरिया तथा पांच अन्य का एक निजी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। जहां ज्यादातर की हालात खतरे से बाहर है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बहुत तेज गति से आ रही एक लग्जरी कार ढ़ाबे पर खाना खा रहे तथा सड़क किनारे खड़े रेहड़ी वालों को कुचलती चली गयी। हादसे की जानकारी मिलते

ही देर रात उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने अस्पताल पंहुचकर घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों को समुचित उपचार के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में श्री खींवसर ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाही की जाएगी।

.......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए संवेदना जताई है। उन्होंने घायलों के उचित और त्वरित उपचार के निर्देश दिए है।

.......................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने भरतपुर के उच्चैन में बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंता को पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए कल रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के तहत रूफ टॉप सोलर प्लांट के मीटर जारी करने और सब्सिडी मंजूर करने की एवज में ये राशि ली थी। एसीबी के एएसपी अमित सिंह ने बताया कि इन अभियंताओं ने परिवादी से रिश्वत की पहली किस्त के रूप में ये राशि ली थी। एसीबी उनके बैंक खातों और अन्य श्रोतों की जांच कर रही है।

.......................

पंजाब क्षेत्र में फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए गंगनहर 21 जनवरी से 24 फरवरी तक बंद रहेगी। इस दौरान पुरानी बीकानेर केनाल से नहरी पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। हमारे श्रीगंगानगर संवाददाता ने बताया कि नहर बंदी के दौरान बीकानेर कैनाल क जरिये खंखाहेड पर 1500 क्यूसिक पानी मिलता रहेगा।

.......................

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रसार भारती के **वेव्स प्लेटफॉर्म** को दुनियाभर से सराहना मिली है। इससे पांच हजार करोड़ रुपये का अंतरराष्ट्रीय व्यापार हुआ है। कंटेंट क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए डीडी न्यूज़ पर नए प्लेटफॉर्म **'क्रिएटर्स कॉर्नर'** का शुभारंभ करते हए उन्होंने कहा कि इस नई पहल का उद्देश्य रचनात्मक सामग्री को प्रदर्शित करना और इसे बढ़ावा देना है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने एक करोड़ युवाओं को रचनाकार अर्थव्यवस्था से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

.......................

संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख़ से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा। दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा। श्री रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों का सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है।

.......................

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का दूसरा संस्करण कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुआ। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं के विचार, ऊर्जा और नेतृत्व अगले 25 वर्षों में देश की रूपरेखा निर्धारित करेंगे। सुश्री रक्षा खडसे ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए कहा कि युवा ही राष्ट्र की वास्तविक ताकत हैं और वे संगठित होकर असंभव को भी संभव बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश भर के दो करोड़ से अधिक युवा **माई भारत पोर्टल** पर पंजीकरण करा चुके हैं। सुश्री खडसे ने युवाओं से अपील की कि वे समर्पण और देशभक्ति की भावना को मज़बूत करने के लिए अपने कॉलेजों और जिलों में इस विचार को बढ़ावा दें।

.......................

प्रदेश में सक्रिय पश्चिम विक्षोभ के असर से कल मौसम में बदलाव नजर आया। जयपुर सहित 20 से अधिक शहरों में बादल छाये रहे और सर्द हवा चली। वहीं झुंझुनूं, नागौर, पिलानी और सीकर के फतेहपुर में हल्की बारिश हुई। खैरथल तिजारा में बारिश के साथ ओले भी गिरे। उदयपुर, चित्तौडगढ, बांसवाडा, कोटपूतली बहरोड सहित कई जगह सुबह घना कोहरा छाया रहा। उदयपुर के गोगुन्दा और जैसलमेर के रामगढ में कडाके की सर्दी से खुले इलाकों में ओस जमी हुई नजर आई और दिनभर शीतलहर की स्थिति रही। प्रदेश के 30 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज 12 जिलों में कोहरे और 8 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। तेज सर्दी से लोगों के साथ पशुपक्षी भी परेशान हो रहे है। पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं के बाडे को तिरपाल से ढकने और गुड चारा खिलाने को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है।

......................

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में पंचायतों के पुनर्गठन से जुड़े मामलों को लेकर राज्य सरकार से 19 जनवरी तक जवाब मांगा है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस रवि चिरानिया की बैंच ने यह आदेश विभिन्न याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई पर दिए। इन याचिकाओं में राज्य सरकार की ओर से पिछले साल नवम्बर और दिसम्बर में जारी पंचायत पुनर्गठन संबधी संशोधित अधिसूचनाओं को चुनौती दी गई थी और इन अधिसूचनाओं को जल्दबाजी में जारी करने की बात कही थी, जिससे प्रभावित इलाके के लोगों को आपत्तियां दर्ज कराने का मौका नहीं मिला।

......................